दिन–मंगलवार दिनांक– 20/08/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. सर्वोच्च न्यायालय कोलकाता में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले की आज सुनवाई करेगा।

02. केन्द्र सरकार ने सभी केंद्रीय अस्पतालों में सुरक्षा तैनाती पच्चीस प्रतिशत बढ़ाने को मंजूरी दी। स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक के नेतृत्व में एक समिति अस्पताल सुरक्षा और सुविधाओं संबंधी पहलुओं पर गौर करेगी।

03. नेपाल मध्यम अवधि के बिक्री समझौते के तहत बिहार को दो सौ इक्यावन मेगावाट अतिरिक्त बिजली का निर्यात करेगा। केन्द्र सरकार ने बिजली निर्यात की अनुमति दी।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, जमुई और बांका जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

सर्वोच्च न्यायालय कोलकाता में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले की आज सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय में इस मामले की सुनवाई पहले से ही हो रही है।

---

इधर, केन्द्र सरकार ने सभी केन्द्रीय अस्पतालों में सुरक्षा तैनाती में पच्चीस प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी है। मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल के अलावा सरकारी अस्पतालों की व्यक्तिगत मांगों के आधार पर मार्शलों की तैनाती को भी मंजूरी दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने रेजिडेंट डॉक्टरों के कई संगठनों के साथ बैठकें की हैं और उन्हें इन पहलुओं के बारे में बताया है। अस्पतालों में रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए सुरक्षा और सुविधाओं के विभिन्न पहलुओं जैसे– ड्यूटी रूम और काम के घंटे पर विचार करने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक की अध्यक्षता में एक समिति भी गठित की जाएगी।

---

इस बीच, घटना के विरोध में कल भी बिहार के प्रमुख मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों ने कार्य का बहिष्कार किया। इस दौरान ओपीडी सेवा ठप रही। पटना स्थित आईजीआईएमएस में मरीजों के हित में इमरजेंसी ओपीडी संचालित किया गया। पीएमसीएच में जूनियर डॉक्टरों ने जबरन ओपीडी पंजीकरण काउंटर को बंद करा दिया। वहीं, एम्स पटना के ओपीडी में सीनियर फैकल्टी ने मरीजों का इलाज किया। दरभंगा के डीएमसीएच में भी जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल का असर दिखा। यहां इमरजेंसी सेवाएं बहाल रहीं, लेकिन ओपीडी में इलाज नहीं हुआ। मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच, गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल और भागलपुर के जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल समेत अन्य अस्पतालों में भी ओपीडी सेवा बाधित रही।

---

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, एनएमसी ने पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, आईजीआईएमएस में एमबीबीएस की तीस सीटें बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। शैक्षणिक सत्र – दो हजार चौबीस–पच्चीस से ही संस्थान में एक सौ पचास सीटों पर नामांकन होगा। आईजीआईएमएस के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनीष मंडल ने बताया कि पिछले दिनों एमबीबीएस की सीटें एक सौ बीस से बढ़ाकर एक सौ पचास करने का प्रस्ताव एनएमसी को भेजा गया था। एनएमसी की टीम ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेने के बाद इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।

---

नेपाल मध्यम अवधि के बिक्री समझौते के तहत बिहार को दो सौ इक्यावन मेगावाट अतिरिक्त बिजली का निर्यात करेगा। केन्द्र सरकार ने नेपाल को अतिरिक्त बिजली निर्यात करने की अनुमति दे दी है। नेपाल में भारतीय दूतावास ने अपने बयान में कहा है कि भारत के सीमापार व्यापार के लिए नामित प्राधिकरण ने नेपाल में बारह जलविद्युत परियोजनाओं से दो सौ इक्यावन मेगावाट अतिरिक्त बिजली निर्यात को मंजूरी दी है।

---

राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, एनसीडीआरसी ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि पॉलिसीधारक ने तथ्यों को छिपाया है, यह साबित करना बीमा कंपनियों की

जिम्मेदारी है। यदि कंपनी यह साबित करने में विफल रहती है तो परिजनों को बीमा का लाभ देने से इनकार नहीं कर सकती है। आयोग के सदस्य डॉ. इंदरजीत सिंह ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

---

पूर्णियां विश्वविद्यालय, मुंगेर विश्वविद्यालय और नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपतियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद इन तीनों विश्ववि‌द्यालयों में नए प्रभारी कुलपति बनाए गए हैं। राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के निर्देश पर राजभवन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। पूर्णिया विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. पवन कुमार झा को वहां के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, नालंदा खुला विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. संजय कुमार विश्वविद्यालय के कुलपति का भी कार्य संभालेंगे। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रो. संजय चौधरी को मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

---

शिक्षा विभाग ने राज्य के विश्वविद्यालयों के जुलाई महीने के अनुदान पर रोक लगा दी है। शिक्षकों और कर्मियों का डेटा पोर्टल पर अपलोड नहीं करने के कारण यह कार्रवाई की गयी है। संबंधित डेटा अपलोड करने के बाद ही अनुदान की राशि जारी की जाएगी।

---

शिक्षा विभाग ने पहले और दूसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति के बाद माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त रह गये पदों को जोड़ते हुए तीसरे चरण के लिए कोटिवार पदों की गणना का निर्देश दिया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश निर्गत कर दिया है। सभी जिलों को रिक्त पदों की गणना कर कोटिवार पद तीन दिनों के अंदर विभाग को भेजने के निर्देश दिये गये हैं।

---

नीट–यूजी पेपर लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने जांच शुरू कर दी है। जांच एजेंसी ने मामले के आरोपी नालंदा निवासी संजीव कुमार के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है। धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत यह कार्रवाई की गयी है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस जाने वाले पैरालिंपिक खिलाडियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बातचीत की। श्री मोदी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

———बाईट———

इस अवसर पर खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

———बाईट———

---

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, जमुई और बांका जिलों में कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की संभावना है।

---

राज्य से होकर गुजरने वाली विभिन्न नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त सूचना के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के गाँधीघाट में खतरे के निशान से दस सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। भागलपुर जिले के कहलगांव में गंगा नदी का जलस्तर लाल निशान से तिरासी सेंटीमीटर ऊपर था। खगड़िया में बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान से तिहत्तर सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। वहीं, खगड़िया के बलतारा में कोसी नदी का जलस्तर लाल निशान से एक सौ बाईस सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। मुजफ्फरपुर जिले के बेनीबाद में बागमती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से एक सौ

दो सेंटीमीटर ऊपर था। इधर, कटिहार जिले के कुर्सेला में कोसी नदी का जलस्तर लाल निशान से तिरानवें सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया।

---

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सुपौल के भीमनगर स्थित बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के कैम्प में सिपाहियों की तबीयत खराब होने के मामले की जांच शुरू कर दी गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि एफएसएल की टीम ने कल घटना स्थल का निरीक्षण कर खाना बनाने में इस्तेमाल किये गये तेल और मसालों का नमूना जांच के लिए एकत्र किया। साथ ही प्रशिक्षु सिपाहियों द्वारा उल्टी किये गये तरल पदार्थ का नमूना भी एकत्र किया गया।

---

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, सिडबी के माध्यम से राज्य में पांच हजार पांच सौ आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों का निर्माण होगा। समाज कल्याण विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में सिडबी के साथ निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने को लेकर कार्रवाई अंतिम चरण में है।

---

राज्य में सभी प्रखंडों को टीबी मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों से माइक्रो प्लान तैयार करने के लिए कहा है। विभाग ने सभी जिलों को टीबी संक्रमण दर को कम करने के लिए टीबी नोटिफिकेशन लक्ष्य को नब्बे प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश दिया है। साथ ही प्रत्येक प्रखंड में कम से कम एक लैब टेक्नीशियन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये गये हैं।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट में स्पॉट नामांकन के लिए अंतिम तिथि बाईस अगस्त तक बढ़ा दी है। पहले अंतिम तिथि अठारह अगस्त थी।

---

मुजफ्फरपुर जिले के पारू थाना क्षेत्र में एक युवती की पिछले दिनों हुयी हत्या के मामले में पुलिस ने अररिया से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र के वाजीदपुर में अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी।

---

सुपौल जिले के वीरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेनालीपट्टी से एसएसबी के जवानों ने ब्राउन शुगर के साथ एक नेपाली युवक को गिरफ्तार किया है।

---

मधेपुरा जिले के पुरैनी थाना क्षेत्र के गणेशपुर पंचायत और कुरसंडी पंचायत में तालाब में डूबने से एक बुजुर्ग और एक बच्चे की मौत हो गई।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – हर गांव में स्मार्ट मीटर के रिचार्ज की मिलेगी सुविधा। तीन महीने पर होगा मीटर का भौतिक सत्यापन।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है – राजधानी पटना में बन रहे डबल डेकर पुल के डिजाईन की होगी जांच।

**दैनिक भास्कर** ने झारखंड के राजनीतिक घटनाक्रम पर लिखा है – चंपाई सोरेन पर अब भी सस्पेंस, आज लौट सकते हैं रांची।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – रेरा की सख्ती– बिल्डरों को हर तीन माह में बताना होगा, अपार्टमेंट में कितना काम हुआ।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है – केन्द्र ने अस्पतालों की सुरक्षा में पच्चीस प्रतिशत का इजाफा किया।

**दैनिक आज** ने लिखा है – भारत में घुसपैठ के आरोप में बांग्लादेश के अठारह नागरिक गिरफ्तार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. सर्वोच्च न्यायालय कोलकाता में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले की आज सुनवाई करेगा।

02. केन्द्र सरकार ने सभी केंद्रीय अस्पतालों में सुरक्षा तैनाती पच्चीस प्रतिशत बढ़ाने को मंजूरी दी। स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक के नेतृत्व में एक समिति अस्पताल सुरक्षा और सुविधाओं संबंधी पहलुओं पर गौर करेगी।

03. नेपाल मध्यम अवधि के बिक्री समझौते के तहत बिहार को दो सौ इक्यावन मेगावाट अतिरिक्त बिजली का निर्यात करेगा। केन्द्र सरकार ने बिजली निर्यात की अनुमति दी।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, जमुई और बांका जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।